दिन– शनिवार दिनांक– 27 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल अट्ठाईस जून को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ पैंतीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स पर भी सुना जा सकता है। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। दो दिन के सम्मेलन में बिहार समेत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्री, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी तथा विशेषज्ञ समग्र ग्रामीण विकास पर विचार–विमर्श करने के लिए एकत्रित होंगे। बैठक में प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा और ग्रामीण भारत के लिए भविष्य की रूपरेखा तैयार करने पर भी विचार–विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन के माध्यम से केन्द्र और राज्य मिलकर गांवों के विकास की साझा रणनीति तैयार करेंगे।

---

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा उनतीस जून को नई दिल्ली में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी कई डिजिटल पहलों का शुभारंभ करेंगे। इनमें आरोग्य सेतु टू प्वाइंट–ओ, आयुष्मान सारथी चैटबॉट, आयुष्मान ऐप, ई–सुश्रुत क्लिनिक, नेशनल हेल्थ क्लेम्स एक्सचेंज और स्वास्थ्य मानक शामिल हैं। इनका उद्देश्य देश में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करना और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी तथा सुलभ बनाना है।

———————————————————————————

केंद्रीय चयन पर्षद की ओर से कल प्रदेश के विभिन्न केंद्रों पर बिहार पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। नौ सौ तिरानवे पदों के लिए आयोजित यह परीक्षा दो पालियों में होगी। पूर्व मध्य रेलवे परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आज और कल तेरह परीक्षा विशेष ट्रेन चलायेगा। दानापुर मंडल की ओर से आज पटना के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से सहरसा, भभुआ, बेतिया, पूर्णियां, अररिया और सीवान के लिए कुल छह परीक्षा विशेष ट्रेन चलायी जा रही है। वहीं, कल सात परीक्षा विशेष ट्रेन संचालित होंगी।

———————————————————————————

बिहार सरकार की पहल पर पंचायतीराज विभाग की ओर से अब प्रत्येक महीने कें अंतिम रविवार को राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य है ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर जनभागीदारी बढ़ाना और योजनाओं की समीक्षा के माध्यम से पंचायत को सशक्त बनाना है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कल मुंगेर जिले के एक चयनित पंचायत से कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

———————————————————————————

आज हेलेन केलर दिवस है। प्रतिवर्ष सत्ताईस जून को हेलेन केलर की जन्म स्मृति में यह दिन मनाया जाता है। हेलेन केलर जन्म से ही दिव्यांग थीं। देखने और सुनने की क्षमता नहीं होने होने के बावजूद उन्होंने जीवन में दृढ़ संकल्प दिखाया और अपने लक्ष्य हासिल किए। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बिहार नेत्रहीन परिषद की ओर से आज एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के बीच अररिया, बांका, भागलपुर, जमुई, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, मधेपुरा, मुधुबनी, मुंगेर, पूर्णिया, सहरसा और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर आंधी—बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान रोहतास, कैमूर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, पटना, नालंदा और शेखपुरा

समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों में भी कई स्थानों पर आंधी बारिश की आंशका है।

———————————————————————

अररिया जिले में जिलाधिकारी विनोद दूहन की उपस्थिति में एनआईसी के रैंडमाईजेशन सॉफ्टवेयर के माध्यम से कर्मियों के बड़े पैमाने पर स्थानांतरण और पदस्थापन की प्रक्रिया पूरी की गयी।

किशनगंज के पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने मुहर्रम के दौरान ड्यूटी पर मोबाईल फोन चलाने के आरोप में एक महिला सिपाही को निलंबित कर दिया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।